भारत आज वैश्विक एजेंडा तय कर रहा है, विश्व को नेतृत्व दे रहा है: लोक सभा अध्यक्ष

...

बदलते आर्थिक परिप्रेक्ष्य में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है : लोक सभा अध्यक्ष

...

स्टार्टअप के माध्यम से आर्थिक क्षेत्र में सबसे बड़ा योगदान देने वाला देश भारत है : लोक सभा अध्यक्ष

...

लोक सभा अध्यक्ष ने युवा कॉस्ट अकाउंटेंट से संवाद किया।

...

नई दिल्ली; 23 दिसंबर, 2023: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज नई दिल्ली में इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित एक समारोह में युवा कॉस्ट अकाउंटेंट्स को संबोधित किया।

इस अवसर पर कॉस्ट अकाउंटेंट्स के राष्ट्र के निर्माण में योगदान का जिक्र करते हुए श्री बिरला ने संतोष व्यक्त किया कि 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के संकल्प की सिद्धि में वे भी पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ योगदान दे रहे हैं। ऐसा इसलिए है क्योंकि व्यापार, उद्योग, सेवा व सरकारी क्षेत्र में उनका कुशल वित्तीय प्रबंधन विशेष महत्व रखता है।

वर्तमान परिपेक्ष में कॉस्ट अकाउंटेंट्स की भूमिका पर बोलते हुए श्री बिरला ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है, और ऐसा कोई सेक्टर नहीं जिसमें भारत योगदान नहीं दे रहा हो । G20 में भारत ने पूरे विश्व को 'वसुधैब कुटुंबकम' 'एक पृथ्वी एक एक भविष्य' का संदेश दिया और रेखांकित किया कि अगर सबको दुनिया में आगे बढ़ाना है तो एक परिवार की भावना से कार्य करना होगा। यह विचार व्यक्त करते हुए कि आज भारत वैश्विक एजेंडा तय कर रहा है और विश्व को नेतृत्व दे रहा है, उन्होंने कहा कि क्लाइमेट चेंज से लेकर ग्रीन एनर्जी तक हर चुनौती का समाधान भारत दे रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि सेवा क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा करने के लिए हमारी सेवाएं उत्कृष्ट होनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि आने वाले समय में हर वस्तु, हर सेवा के अंदर हर प्रोडक्ट में कम लागत में अच्छा उत्पादन उत्कृष्ट तरीके से भारत ही करे, इसके लिए युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है।

आत्मनिर्भर भारत की बात करते हुए श्री बिरला ने कहा कि भारत आज आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है, दुनिया की अधिकतम कंपनियां भारत में निवेश करना चाहती है क्योंकि हमारे युवा दुनिया में सर्वश्रेष्ठ हैं उनकी बौद्धिक क्षमता उनका इनोवेशन, उनका चिंतन और कार्य के प्रति प्रतिबद्धता हमारी बहुत बड़ी ताकत है। श्री बिरला ने यह भी कहा कि स्टार्टअप के माध्यम से भारत आर्थिक क्षेत्र में सबसे बड़ा योगदान देने वाला देश है। नए इनोवेशन, नए रिसर्च के आधार पर भारत के नौजवानों ने समाज के हर क्षेत्र में योगदान दिया है। उन्होंने संतोष व्यक्त किया कि आज दुनिया की हर चुनौती का समाधान भारत से निकल रहा है।

उन्होंने युवा कॉस्ट अकाउंटेंट्स का आह्वान किया कि वे अपनी नई सोच से लागत में कमी लाते हुए भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार लाएं ताकि वे वैश्विक स्तर पर और अधिक प्रतिस्पर्धी बन सकें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि युवा अपने प्रयासों से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में प्रभावी भूमिका निभायेंगे।